**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में चल रही स्थिति पर कहा– नागरिकों को इस संघर्ष के प्रभाव से बचाने के लिए किए जाने चाहिए हर संभव प्रयास।

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र एक दिन के अवकाश के बाद दोपहर दो बजे होगा शुरू–बजट सत्र के बीच मुख्यमंत्री करेंगे मंत्रिमंडल की बैठक।

- प्रदेश में ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' 2.0 के तहत चलाया जा रहा है 100–दिन का सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम।

- चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप सकंद माता की की जा रही विशेष पूजा–अर्चना–मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

- प्रदेश में मौसम एक बार फिर लेगा करवट– मौसम विभाग ने आज से 28 मार्च तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की जताई संभावना ।

अब समाचार विस्तार से..........

**प्रधानमंत्री–सीसीएस बैठक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में चल रही स्थिति और प्रस्तावित राहत उपायों की समीक्षा के लिए सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लगातार बदलती हुई स्थिति है और इससे पूरी दुनिया किसी न किसी रूप में प्रभावित है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में नागरिकों को इस संघर्ष के प्रभाव से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि सरकार के सभी अंग मिलकर काम करें ताकि नागरिकों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने राज्य सरकारों के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए भी कहा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाज़ारी और जमाखोरी न हो। प्रधानमंत्रीने मंत्रियों और सचिवों के एक समूह के गठन का निर्देश दिया जो समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ समर्पित रूप से काम करेगा। उन्होंने क्षेत्रीय समूहों को सभी हितधारकों के साथ परामर्श करके काम करने का भी निर्देश दिया।

**विधानसभा बजट सत्र**

शिमला में चल रहा प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र एक दिन के अवकाश के बाद आज दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगा। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही की शुरुआत होगी जिसमें नौकरियों, सड़कों की खस्ताहाल स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और कर्मचारियों से संबंधित प्रश्न विधायकों द्वारा सदन में पूछे गए हैं जिन पर आज चर्चा होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवददाता.....

**हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र एक दिन के अवकाश के बाद आज दोपहर दो बजे शुरू होगा। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी, जिसमें नौकरियों, सड़कों की खस्ताहाल स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और कर्मचारियों से संबंधित सवालों पर चर्चा होगी। इससे पूर्व 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 54 हज़ार 9 सौ 28 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था जिस पर आज से बजट अनुमानों पर सदन में चर्चा होगी जो 25 मार्च तक चलेगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इस चर्चा की शुरुआत करेंगे और बजट पर सरकार को घेरेंगे जिससे अगले कुछ दिन तक विधानसभा के भीतर टकराव की स्थिति बनी रहेगी। विधानसभा के बजट सत्र के बीच मुख्यमंत्री**

**सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंत्रिमंडल की बैठक करेंगे। इसमें बजट सत्र के दौरान पेश होने वाले विधेयकों के ड्राफ्ट को लेकर चर्चा होगी। कैबिनेट में चर्चा के बाद कई विधेयक विधानसभा में पेश किए जाएंगे। मंत्रिमंडल बैठक में विभिन्न विभागों में भर्तियों को लेकर मंजूरी मिल सकती है। राज्य की नई औद्योगिक नीति को लेकर भी कैबिनेट बैठक में चर्चा हो सकती है। मंत्रिमंडल बैठक में कम स्टूडेंट एनरोलमेंट वाले स्कूल और कॉलेज बंद करने का मामला भी चर्चा के लिए लाया जाएगा। राज्य के जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या कम है, उन्हें बंद करने को लेकर कैबिनेट में फैसला संभावित है। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।**

**मुकेश अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र में सड़क और खेल अधोसंरचना से जुड़ी लगभग 60 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिलाएं रखीं। इन परियोजनाओं के साकार होने से क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था मजबूत होने के साथ युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और खेल सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और आम लोगों के लिए आवागमन अधिक सुगम होगा व युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर मंच मिलेगा।

**नवरात्रि**

चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप सकंद माता की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप ज्ञान, करूणा और मातृत्व का प्रतीक है। सकंद माता की पूजा से संतान सुख और सुख समृद्धि मिलती है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे है। वहीं विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

**टीबी मुक्त भारत अभियान**

प्रदेश में ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' 2.0 के तहत 100–दिन का सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य घर–घर स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान, निक्षय पोर्टल के माध्यम से ट्रैकिंग और उपचार प्रदान कर हिमाचल को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

––डिस्पैच––

सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से निक्षय शिविरों का आयोजन किया गया, जहां जोखिमपूर्ण आबादी वाले लोगों की टीबी जांच की गई। लक्षण वाले लोगों की नेट जांच की जा रही है, जिससे टीबी की पुष्टि होती है। इसके बाद टीबी मरीजों को विभाग की ओर से निशुल्क इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा निक्षय मित्रों की ओर से पोषण किट भी मुहैया करवाई जा रही है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में टीबी के 15 हजार से अधिक सक्रिय मामले है। सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त होने का लक्ष्य रखा था है जिसे पूरा न होने पर 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**पेट्रोल–डीजल**

केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश भर में आवश्यक ईंधन की कोई कमी नहीं है, तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल का पर्याप्त भंडार है। खुदरा दुकानों पर भी किसी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है। केंद्र सरकार ने देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की स्थिर उपलब्धता सुरक्षित करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य रूप से जारी है और घबराहट में की जाने वाली बुकिंग भी कम हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई गई है। इसमें स्कूलों और अस्पतालों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

**एमटीबी रैली**

चंबा जिला में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय स्तर की एमटीबी रैली का समापन कल देर शाम हुआ। दो दिनों तक चली इस रोमांचक प्रतियोगिता में देश भर के 10 राज्यों के 14 शहरों से करीब 70 राइडर्स ने भाग लिया और कठिन पहाड़ी रास्तों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहाड़ी रास्तों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ रैली का आनंद लिया। 65 किलोमीटर लंबी इस क्रॉस–कंट्री रेस में राइडर्स लगभग 2100 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आकाश शेरपा ने 3 घंटे 01 मिनट 27 सेकंड में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया।

समापन अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने विजेता व उपविजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम एक बार फिर से करवट लेगा। मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्यभर में मौसम अस्थिर रहने के आसार हैं, जिससे लोगों को एक बार फिर ठंड और खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और तेज हवाओं का दौर देखने को मिल सकता है। इस दौरान चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। कई इलाकों में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लाहौल–स्पीति, किन्नौर और चंबा–कुल्लू के ऊपरी क्षेत्रों में 23 से 28 मार्च के बीच हल्की बर्फबारी की संभावना जताई गई है। वहीं मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर में भी हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में उतार–चढ़ाव बना रहेगा।

**<u>अब एक नज़र अखबारों की सुर्ख़ियों पर</u>**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **एलएसडी तस्करी मामले में एसटीएफ कुल्लू के 4 पुलिस कर्मचारी बर्खास्त।** दैनिक जागरण का शीर्षक है एलएसडी तस्करी के मामले में एसटीएम के चार जवान बर्खास्त।

बजट सत्र पर पंजाब केसरी लिखता है **विधानसभा में आज से शुरू होगी बजट अनुमानों पर चर्चा।**

मुख्यमंत्री के हवाले से दिव्य हिमाचल ने शीर्षक दिया है **ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विकास की धुरी बनेगा बजट।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद बढ़ने लगा पहाड़ों में पर्यटकों का काफिला।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में चल रही स्थिति पर कहा– नागरिकों को इस संघर्ष के प्रभाव से बचाने के लिए किए जाने चाहिए हर संभव प्रयास।

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र एक दिन के अवकाश के बाद दोपहर दो बजे होगा शुरू–बजट सत्र के बीच मुख्यमंत्री करेंगे मंत्रिमंडल की बैठक।

- प्रदेश में ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' 2.0 के तहत चलाया जा रहा है 100–दिन का सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम।

- चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप सकंद माता की की जा रही विशेष पूजा–अर्चना–मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

और

- प्रदेश में मौसम एक बार फिर लेगा करवट– मौसम विभाग ने आज से 28 मार्च तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की जताई संभावना ।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00 बजे नमस्कार।